उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट– महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।

(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांकः– 559 / गोपन / 2025–26 **दिनांकः 06 मार्च, 2026**

विज्ञप्ति / प्रवेश–पत्र

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–61 / उ0अ0से0च0आ0 / 2024 दिनांक 17 सितंबर, 2024 में विज्ञापित आशुलिपिक / वैयक्तिक सहायक व अन्य पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया। उक्त पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 08 दिसंबर, 2024 को आयोजित की गयी।

लिखित प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय चरण की टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा में कुल पदों के सापेक्ष पूर्ण संख्या में अर्ह अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण आयोग की विज्ञप्ति संख्या **548 / परीक्षा / 2025–26** दिनांक **23 फरवरी, 2026** को तृतीय चरण की 570 अभ्यर्थियों की औपबंधिक श्रेष्ठता सूची जारी की गयी। उक्त औपबंधिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा **09 मार्च, 2026** से निर्धारित है।

सूच्य है कि टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 05 मार्च, 2026 से आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर प्रकाशित कर दिये गये हैं। अभ्यर्थी अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र पृथक (डाक, ई–मेल इत्यादि) माध्यम से प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा डाउनलोड प्रवेश–पत्र पर बार–कोड भी अंकित हो। टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश–पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है साथ ही अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि टंकण एवं आशुलेखन संबंधित अर्हताओं हेतु संबंधित विज्ञापन का भली भांति अध्ययन कर लें।

6.3.26

(डॉ0 शिव कुमार बरनवाल)
सचिव।